**LCT-2** **NTSE(I)/17**

# राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा ( प्रथम स्तर ) 2017
# NATIONAL TALENT SEARCH EXAMINATION ( FIRST LEVEL ) 2017

**211 – B**

Roll No. रोल नम्बर

Booklet Number पुस्तिका संख्या

49057

## LANGUAGE COMPREHENSION TEST
**( For Students of Class X )**

Time : 45 Minutes Max. Marks : 50
( For Blind Candidates Time : 1 Hour )

### INSTRUCTIONS TO CANDIDATES

**Read the following instructions carefully before you open the question booklet.**

1. This test contains 50 Questions in **English** Language and 50 Questions in **Hindi** Language. The candidate has to attempt **this** test **only in one Language i.e. either in English or in Hindi.**
2. Mark the language of test opted by **you very** clearly on the answer sheet (**OMR**) **as per** instructions given on the answer **sheet.**
3. Answers are to be given on a **separate answer sheet (OMR sheet)**.
4. Please write your **Roll Number** as allotted to you in the admission card very clearly on **the test-booklet** and darken the appropriate circles on the **answer sheet as** per instructions given.
5. Please follow the instructions given on the answer sheet for marking the answers.
6. If you do not know the answer to any question, do not waste time on it and pass on to the next one. Time permitting, you can come back to the questions, which you have left in the first instance and attempt them.
7. Since the time allotted for this question paper is very limited, you should make the best use of it by not spending too much time on any one question.
8. **Rough work** can be done **on the given Blank Pages at the back of the booklet** but not on the answer sheet/loose paper.
9. Every correct answer will be awarded one mark. There will be no negative marking.
10. **Please return the Answer sheet (OMR) only to the invigilator after the test.**

**PLEASE TURN OVER THE PAGE AND START YOUR WORK.**

## भाषा योग्यता परीक्षा
**( कक्षा X के विद्यार्थियों के लिए )**

समय : 45 मिनट पूर्णांक : 50
( दृष्टिहीन अभ्यर्थियों के लिए समय : 1 घंटा )

### परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

**प्रश्न पुस्तिका खोलने से पहले निम्न निर्देशों को ध्यान से पढ़िए।**

1. इस प्रश्न-पत्र में 50 प्रश्न अंग्रेजी भाषा के और 50 प्रश्न हिन्दी भाषा के हैं। **विद्यार्थियों को इनमें से केवल एक भाषा को करना है या तो अंग्रेजी या हिन्दी।**
2. चुनी गई भाषा को सावधानी से उत्तर-पत्रक (ओ० एम० आर०) पर दिये गए निर्देशानुसार लिखें।
3. उत्तर एक **अलग उत्तर-पत्रक (ओ० एम० आर० शीट)** में देने हैं।
4. **कृपया** अपना **रोल नम्बर** जैसा कि आपके प्रवेश पत्र पर दिया गया है, निर्देशानुसार **टेस्ट पुस्तिका** पर बहुत स्पष्ट लिखिये और **उत्तर-पत्रक** पर दिये गये गोलों को काला करें।
5. कृपया उत्तर चिह्नित करने के लिए उत्तर-पत्रक पर दिये गये निर्देशों को ध्यान से समझ कर उनकी अनुपालना **कीजिए।**
6. यदि आप किसी प्रश्न का उत्तर नहीं जानते हैं तो उस पर बहुत समय न गंवाइये और अगले प्रश्न पर बढ़ जाइये। यदि बाद में समय मिले तो जिन प्रश्नों को आपने पहले छोड़ दिया था, उन पर वापस आकर उनके उत्तर दीजिए।
7. इस प्रश्न पत्र के लिए निर्धारित समय बहुत सीमित है, इसलिए इसका अधिकतम सदुपयोग कीजिये और किसी प्रश्न पर बहुत समय न लगाइये।
8. **रफ कार्य** पुस्तिका के अंत में दिए गए रिक्त पृष्ठों पर किया जा सकता है किन्तु **उत्तर-पत्रक/अलग कागज** पर नहीं।
9. प्रत्येक सही उत्तर का एक अंक प्रदान किया जाएगा। इसमें ऋणात्मक अंकन नहीं होगा।
10. **कृपया परीक्षा के बाद केवल उत्तर-पत्रक (ओ० एम० आर०) ही निरीक्षक को लौटाइए।**

**कृपया पृष्ठ पलटिये और अपना कार्य आरम्भ कीजिए।**

BSER 2017
The copyright of the contents of this booklet rests with the BSER and no part of it should be used by anybody in any manner whatsoever without the prior permission of the BSER. The items are prepared on best effort basis. In case of any dispute the opinion of the experts appointed by BSER will be final.

# LANGUAGE COMPREHENSION TEST (LCT) - HINDI

**Subject : Hindi**

**प्रश्न संख्या 1 - 5 के लिए निर्देश :** नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर सबसे सही विकल्प का चयन कीजिए ।

कल्पना चावला का जन्म हरियाणा प्रांत के करनाल शहर में 1961 की पहली जुलाई को एक साधारण व्यापारी परिवार में हुआ था। पिता बनवारी लाल एक साधारण व्यापारी थे तथा माँ संयोगिता एक सामान्य गहिणी। कल्पना की पढ़ाई – लिखाई भी सामान्य लड़कियों की तरह उनके शहर के स्कूल से शुरू हुई थी, लेकिन कल्पना ने अपने लक्ष्य को ध्यान में रखा और साहस के साथ आगे बढ़ती रहीं। जब कल्पना 11 वीं कक्षा में पढ़ती थीं, तब अमेरिकी अंतरिक्ष यान 'वाइकिंग' मंगल ग्रह पर उतरा था। इस बात से कल्पना इतनी रोमांचित हुई कि उन्होंने अपनी कक्षा की परियोजना में मंगल ग्रह को दर्शाया। शुरू से ही कल्पना के मन में अंतरिक्ष – विज्ञान के प्रति लगाव रहा और वे अंतरिक्ष की यात्रा के सपने देखती रहीं।

1. कल्पना चावला का जन्म करनाल शहर में हुआ। करनाल शहर भारत के किस राज्य में स्थित है ?
   (1) पंजाब (2) हरियाणा (3) उत्तर प्रदेश (4) राजस्थान।
2. शुरू से ही कल्पना के मन में किसके प्रति लगाव था ?
   (1) ज्योतिष विज्ञान (2) जीव विज्ञान (3) अन्तरिक्ष विज्ञान (4) कम्प्यूटर विज्ञान।
3. 'सामान्य' शब्द का विलोम है
   (1) विशेष (2) संयुक्त (3) सरल (4) सहज।
4. 'वाइकिंग' क्या है ?
   (1) अमेरिका का अन्तरिक्ष केन्द्र (2) अमेरिकी अन्तरिक्ष यान
   (3) अमेरिकी गाँव (4) अमेरिकन साइकल।
5. कल्पना ने अपने...............को ध्यान में रखा ओर................के साथ आगे बढ़ती रहीं।
   उपर्युक्त रिक्त स्थानों में सही शब्द होंगे
   (1) साहस और शरीर (2) क्षमता और साहस (3) क्षमता और शरीर (4) लक्ष्य और साहस।

**प्रश्न संख्या 5 - 10 के लिए निर्देश :** नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर सबसे सही विकल्प का चयन कीजिए। साहित्योन्नति के साधनों में पुस्तकालयों का स्थान अत्यन्त महत्वपूर्ण है। इनके द्वारा सांहित्य के जीवन की रक्षा, पुष्टि और अभिवद्धि होती है। पुस्तकालय सभ्यता के इतिहास का जीता–जागता गवाह है। इसी के बल पर वर्तमान भारत को अपनी अतीत गौरव पर गर्व है। पुस्तकालय भारत के लिए कोई नयी वस्तु नहीं है। लिपि के आविष्कार से आज तक लोग निरन्तर पुस्तकों का संग्रह करते रहे हैं। पहले देवालय, विद्यालय और नपालय इन संग्रहों के प्रमुख स्थान होते थे। इनके अतिरिक्त, विद्वज्जनों के अपने निजी पुस्तकालय भी होते थे।

6. 'साहित्योन्नति' का सन्धि विच्छेद होगा
   (1) साहित्य + उन्नति (2) सहित + उन्नति (3) साहित्य + नीति (4) सही + उन्नति।
7. पुस्तकालय सभ्यता के ...........................का जीता–जागता गवाह है। रिक्त स्थान के लिए सही शब्द होगा
   (1) ज्ञान (2) भूगोल (3) इतिहास (4) साहित्य।
8. पहले पुस्तकालय कहाँ स्थित होते थे ?
   (1) देवालय (2) विद्यालय (3) नपालय (4) इनमें से सभी।
9. गौरव का विलोम है
   (1) लाघव (2) महान (3) राघव (4) सूक्ष्म।
10. पुस्तकालय भारत के लिए कोई <u>नयी</u> वस्तु नहीं है। रेखांकित पद है
    (1) संज्ञा (2) विशेषण (3) सर्वनाम (4) कारक।

**प्रश्न संख्या 11 - 15 के लिए निर्देश :** नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर सबसे सही विकल्प का चयन कीजिए। हमारे गाँव आत्मनिर्भर नहीं हैं। कहीं–कहीं स्वास्थ्य–शिक्षा तो छोड़िये, भोजन–पानी की बुनियादी सुविधाएँ भी नहीं है। इतनी असुविधाओं में जीवन यापन दुष्कर हैं इसीलिए लोग गाँव छोड़कर शहरों की ओर आते है। वे विवशता में अपना घर छोड़ते हैं। कोई भी अपनी जड़ें नहीं त्यागना चाहता। जड़ों से कट कर लोगों में भावनात्मक खिन्नता भी आ जाती है। व्यक्तिगत रूप से मेरा मानना है कि हम सभ्य समाज में रहते हैं इसलिए हमें अपने देश को गाँवों और शहरों में बाँटकर नहीं देखना चाहिए।

11. लोग गाँव छोड़ कर कहाँ जा रहे हैं ?
(1) विद्यालयों में (2) गाँवों में (3) शहरों में (4) विदेशों में।

12. हमें अपने देश को किसमें बांटकर नहीं देखना चाहिए ?
(1) स्त्री और पुरूषों में (2) गाँवों और शहरों में (3) अमीरों और गरीबों में (4) स्वास्थ्य और शिक्षा में।

13. 'व्यक्तिगत' शब्द का विलोम है
(1) सार्वजनिक (2) वैयक्तिक (3) निजी (4) धार्मिक।

14. हमारे गाँव आत्मनिर्भर नहीं हैं, क्योंकि
(1) बुनियादी सुविधाएँ नहीं हैं (2) इन्टरनेट नहीं है
(3) विदेशी व्यापार नहीं है (4) प्रशांसनिक नियंत्रण नहीं है।

15. बुनियादी सुविधाओं में सम्मिलित हैं
(1) स्वास्थ्य, शिक्षा, भोजन, पानी (2) इन्टरनेट , ई–मेल, कम्प्यूटर
(3) विदेशी माल, होटल, रेस्तरां (4) समुद्री व्यापार व उद्योग धन्धे।

16. निम्नलिखित में से पार्श्विक व्यंजन है
(1) प् (2) म् (3) क् (4) ल्।

17. निम्नलिखित में से अनुनासिक ध्वनि युक्त वर्ण है
(1) अ (2) प (3) क (4) अं।

18. निम्नलिखित में से शुद्ध वर्तनी युक्त शब्द है
(1) प्रज्वलित (2) प्रज्ज्वल (3) प्रजवल (4) प्रजव्ल।

19. निम्नलिखित में से शुद्ध वर्तनी युक्त शब्द है
(1) कुटम्ब (2) विरहणी (3) माहात्म्य (4) मैथली।

20. 'अभीप्सा' शब्द का सन्धि विच्छेद है
(1) अभि+ईप्सा (2) अभी+ईप्सा (3) अभि+इप्सा (4) अभी+इप्सा।

21. 'दिगम्बर' शब्द में सन्धि है
(1) गुण (2) व्यंजन (3) यण (4) विसर्ग।

22. 'त्रिनेत्र' शब्द में समास है
(1) बहुव्रीहि समास (2) अव्ययीभाव समास (3) द्विगु समास (4) तत्पुरूष समास।

23. 'निर्जन' शब्द में सन्धि है
(1) गुण सन्धि (2) विसर्ग सन्धि (3) व्यंजन सन्धि (4) अयादि सन्धि।

24. 'प्रत्युपकार' शब्द में उपसर्ग है
(1) प्रत्यु (2) प्र (3) कार (4) प्रति।

25. निम्नलिखित में से 'उप' उपसर्ग से निर्मित शब्द नहीं है
(1) उपयुक्त (2) उपाध्यक्ष (3) उपभोग (4) उपर्युक्त।

26. निम्नलिखित में से किस शब्द में 'य' प्रत्यय नहीं है ?
(1) माधुर्य (2) सौन्दर्य (3) दैत्य (4) गांगेय।

27. निम्नलिखित में से किस शब्द में 'आवट' प्रत्यय नहीं है ?
(1) सजावट (2) लिखावट (3) चिल्लाहट (4) मिलावट।

28. समूहवाचक संज्ञा का उदाहरण है
(1) मकान (2) सोना (3) गुच्छा (4) मिठास।

29. 'राम विद्यालय पढ़ने जाता है।' रेखांकित पद है
(1) संज्ञा (2) विशेषण (3) सर्वनाम (4) अवयव।

30. निम्नलिखित में से सर्वनाम का प्रकार नहीं है
(1) सम्बन्धवाचक (2) गुणवाचक (3) निजवाचक (4) निश्चयवाचक।

31. 'मोहन के चार जलेबियाँ खायीं।' यहाँ रेखांकित पद है
(1) गुणवाचक विशेषण (2) संख्यावाचक विशेषण (3) परिमाणवाचक विशेषण (4) सार्वनामिक विशेषण।

32. 'यह सोहन का घर है।' वाक्य में 'का' है
(1) सम्बन्ध कारक (2) सम्प्रदान कारक (3) कर्म कारक (4) सम्बोधन कारक

33. छिः ! , धिक !, हट ! आदि विस्मयादि बोधक शब्द दर्शाते हैं
(1) शोक (2) हर्ष (3) आश्चर्य (4) तिरस्कार।

34. निम्नलिखित में से किस विकल्प के सभी शब्द पर्यायवाची नहीं है ?
(1) घोड़ा, अश्व, हय (2) चन्द्रमा, शशि, सुधांशु (3) अग्नि, अनल, पावन (4) कमल, राजीव, पंकज।

35. निम्नलिखित में से 'इन्द्र' का पर्यायवाची नहीं है
(1) मेघराज (2) सुरपति (3) देवराज (4) रतिपति।

36. 'परीक्षा–परिक्षा' शब्द–युग्म का सही अर्थ है
(1) सुन्दरी–परख (2) परख–कीचड़ (3) कीचड़–परख (4) परख–सुन्दरी।

37. 'अंस–अंश' शब्द–युग्म का सही अर्थ है
(1) भाग – पूर्ण (2) पूर्ण – अन्धेरा (3) कन्धा – हिस्सा (4) हिस्सा – कन्धा।

38. निम्नलिखित जोड़ों में से कौन–सा जोड़ा विलोम की दष्टि से सुमेलित नहीं है ?
(1) उग्र – सौम्य (2) गरल – सुधा (3) एकत्र – विकीर्ण (4) कृतज्ञ – कृपण।

39. निम्नलिखित में से कौन–सा वाक्य सही है ?
(1) श्रीकृष्ण के अनेकों नाम हैं (2) मैं गाने की कसरत कर रहा हूँ
(3) वह प्रातः काल के समय घूमता है (4) यह काम आप पर निर्भर है।

40. 'यदि तुम पैसे दो तो मैं चलूँ।' यह वाक्य है
(1) संकेतार्थक वाक्य (2) निषेधात्मक वाक्य (3) आज्ञार्थक वाक्य (4) विधानार्थक वाक्य।

41. 'रात हुई और तारे निकले।' वाक्य का प्रकार है
(1) मिश्र (2) सरल (3) संयुक्त (4) सरल और मिश्र।

42. 'सुबरण को ढूँढत फिरत, कवि, व्यभिचारी, चोर।' वाक्य में अलंकार है
(1) उपमा (2) उत्प्रेक्षा (3) श्लेष (4) रूपक।

43. समान आयु वालों को लिखे गये पत्रों में स्वनिर्देश होता है
(1) तुम्हारा (2) पूज्य (3) श्रद्धेय (4) चिरंजीवी।

44. निम्नलिखित में से कौन शब्द सदैव बहुवचन में प्रयुक्त होता है ?
(1) प्राण (2) लड़का (3) लोहा (4) ताश।

45. 'जूता चाटना' मुहावरे का अर्थ है
(1) जूते की सफाई करना (2) चापलूसी करना (3) जूते मारना (4) अपमान करना।

46. कार्य समाप्त होने का अर्थ निम्नलिखित में से किस मुहावरे से प्रकट होता है ?
(1) अथ श्री (2) श्री गणेशाय नमः (3) इति श्री (4) जय श्रीराम।

47. ''जिन ढूंढ़ा तिन पाइयाँ गहरे पानी पैठ'' लोकोक्ति का अर्थ है
(1) परिश्रम का फल अवश्य मिलता है (2) गहरे पानी में नहाना चाहिए
(3) पानी गहरा होता है (4) गहरे पानी में नहीं जाना चाहिए।

48. ''भई गति साँप छछूंदर जैसी'' लोकोक्ति का अर्थ है
(1) सुविधा में पड़ना (2) दुविधा में पड़ना (3) आपस में लड़ना (4) दुश्मनी रखना।

49. 'अट्टालिका' शब्द का तद्भव रूप है
(1) अट्टहास (2) अट्टपट्ट (3) आटे की मशीन (4) अटारी।

50. जिसमें बाण रखे जाते हैं, वह है
(1) बाणासुर (2) तरकश (3) बाणेश्वरी (4) कर्कश।

Resonance®
Educating for better tomorrow

**Academic Session: 2017-18**

## Resonance Forward Admission & Scholarship Test (ResoFAST)

**Reso FAST®**
Be FAST to be the FIRST

EARLY START
MORE BENEFITS
BETTER RESULTS

# ADMISSION ANNOUNCEMENT

**Enroll Now for Academic Session 2017-18 @ Coaching Fee of 2016-17**

## Classroom Contact Programs for Class V to XII

**Target: JEE (Main+Advanced) | JEE (Main) | AIIMS/ NEET | Pre-foundation**

### Academic Benefits*

- More than **800** Academic Hours & **500** Classes
- More than **15000** Academic Questions
- More than **100** Testing Hours

* Tentative

### Financial Benefits

- Upto ₹ **30000+** Saving on 1 Year Course Fee
- **50%** Concession on Admission Form Fee
- Upto **90%** Scholarship on Course Fee

### Test Dates

**20th Nov 16 | 27th Nov 16**

**11th Dec 16 | 25th Dec 16 | 15th Jan 17**

### How to get Admission Packet

(a) **Online:** Visit www.resonance.ac.in, and buy ONLINE by paying through Credit/Debit Card & Net Banking, | (b) **In Person:** Through Cash/ DD made in favour of 'Resonance', payable at Kota submit at any of the Resonance Study Centres. | (c) **By Post/ Courier:** Make a DD/Pay Order of required amount in favour of 'Resonance', payable at Kota and send it to at Kota only. | (d) COD (sms RESO Your City Name to 56677).

**Toll Free: 1800 258 5555 | Visit: www.resonance.ac.in**